जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

1 सितंबर 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया फैकल्टी को राष्ट्रीय ललित कला अकादमी अवार्ड**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के ललित कला संकाय के कला शिक्षा विभाग में गेस्ट फैकल्टी श्री महेंद्र प्रताप दिनकर को भारत सरकार के शीर्ष निकाय, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ललित कला अकादमी के ललित कला अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। उनकी कलाकृति जिसका शीर्षक 'नेचर बैलेंस-2' को जूरी द्वारा 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में अवार्ड के लिए चुना गया।

अवार्ड समारोह 28 अगस्त, 2023 को कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। उनकी कलाकृति ललित कला अकादमी, रविन्द्र भवन, नई दिल्ली की गैलरी में राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित है।

जामिया के लिए यह दोहरी खुशी की बात है कि श्री महेंद्र जामिया के ललित कला संकाय के मूर्तिकला विभाग के छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके शिक्षक और सहकर्मी बेहद खुश हैं।

जामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर (पद्मश्री) ने श्री महेंद्र को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपने कला कार्य के बारे में बात करते हुए, श्री महेंद्र ने कहा, "एक मूर्तिकार के रूप में, मैं अपनी योजनाएँ इसी तरह तैयार करने का प्रयास करता हूँ। मैंने अपना काम प्रकृति संतुलन के स्रोत के एक पहलू के रूप में तैयार किया है। जहां पूरी दुनिया प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसके कारण कई तरह की महामारी और आपदाएं हम सभी को प्रभावित करने वाली हैं। मैं उस प्रकृति की ऊर्जा को अपने काम में एक संदेश के रूप में उपयोग करने का प्रयास कर रहा हूँ।

**जनसंपर्क कार्यालय**
जामिया मिल्लिया इस्लामिया